# PAPER-II
# SOCIAL WORK

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________
2. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________

OMR Sheet No. : ...............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.____________________________________
(In words)

**D 1 0 1 3**

Time : **1 ¼** hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **16**

Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण** : Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं ।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा ।

## SOCIAL WORK
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** Which of the following are the salient features of Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme ?

1. Rights based frame work.
2. Labour intensive work.
3. Decentralised Planning.
4. Women Empowerment.

**Codes :**

(A) 1, 2 and 3 are correct
(B) 1, 2 and 4 are correct
(C) 1, 3 and 4 are correct
(D) All are correct

**2.** 'Reassurance' is one of the techniques that come under the broad category of

(A) Directives
(B) Information seeking
(C) Minimal responses
(D) Complex responses

**3.** 'Normative System' refers to

(A) system of rules and norms of the society.
(B) culture of the society.
(C) conventional behaviour of the society.
(D) All of the above

**4.** The presence of which of the following will indicate the diversity of population ?

(A) Secondary association
(B) Social tolerance
(C) Secondary control
(D) Social mobility

**5.** In which among the following States in India, Community Development Programme was first initiated in 1952 ?

(A) Tamil Nadu
(B) Punjab and Haryana
(C) Uttar Pradesh
(D) Rajasthan

**6.** Which is/are the approaches to community organization ?

(A) Community driven development
(B) Social capital formation
(C) Ecological sustainable development
(D) All of the above

**7.** Which of the following is used to indicate the reliability of an estimate ?

(A) Universe
(B) Statistical significance
(C) Sampling method
(D) Confidence interval

**8.** Which among the following is the department created under the Ministry of Social Justice and Empowerment from May 2012 ?

(A) Department of Higher Education
(B) Department of Disability Affairs
(C) Department of Health Research
(D) Department of Rural Development

**9.** The author of the book "From Charity to Social Work" is

(A) Mary Richmond
(B) Friedlander
(C) Jane Adams
(D) Elizabeth N. Agnew

# समाज कार्य

## प्रश्नपत्र – II

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** महात्मा गाँधी नेशनल रुरल इम्प्लॉयमेंट गारंटी योजना के प्रमुख गुण निम्नलिखित में से कौन से हैं ?

(1) अधिकार-आधारित ढाँचा

(2) श्रम-प्रधान कार्य

(3) विकेंद्रित नियोजन

(4) महिला सशक्तिकरण

**कोड** :

(A) (1), (2) तथा (3) सही हैं ।

(B) (1), (2) तथा (4) सही हैं ।

(C) (1), (3) तथा (4) सही हैं ।

(D) सभी सही हैं ।

**2.** 'पुन: आश्वासन' एक प्रकार की तकनीक है जो निम्नलिखित के व्यापक वर्ग के अन्तर्गत आती है :

(A) निर्देशन

(B) सूचना लेना

(C) न्यूनतम प्रत्युत्तर

(D) जटिल प्रत्युत्तर

**3.** 'नॉर्मेटिव सिस्टम' निम्नलिखित में से किसे संदर्भित करता है ?

(A) समाज के नियमों तथा प्रतिमानों की पद्धति

(B) समाज की संस्कृति

(C) समाज का परम्परागत व्यवहार

(D) उपर्युक्त सभी

**4.** निम्नलिखित में से किसके होने से जनसंख्या वैविध्य का पता चलेगा ?

(A) गौण संबंध (सेकंडरी एसोसिएशन)

(B) सामाजिक सहिष्णुता

(C) गौण नियंत्रण (सेकंडरी कंट्रोल)

(D) सामाजिक गतिशीलता

**5.** भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में सन् 1952 में सबसे पहले सामुदायिक विकास कार्यक्रम शुरू किया गया ?

(A) तमिलनाडु

(B) पंजाब एवं हरियाणा

(C) उत्तर प्रदेश

(D) राजस्थान

**6.** सामुदायिक संगठन के लिए कौन सा/से उपागम है/हैं ?

(A) समुदाय संचालित विकास

(B) सामाजिक पूँजी निर्माण

(C) पारिस्थितिकीय टिकाऊ विकास

(D) उपर्युक्त सभी

**7.** किसी आकलन की विश्वसनीयता को सूचित करने के लिए निम्नलिखित में से किसका उपयोग किया जाता है ?

(A) समष्टि

(B) सांख्यिकीय महत्त्व

(C) प्रतिचयन विधि

(D) विश्वास्यता अंतराल

**8.** सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण मंत्रालय के अंतर्गत निम्नलिखित में से किस विभाग का सृजन मई 2012 से किया गया ?

(A) उच्च शिक्षा विभाग

(B) अपंगता मामलों का विभाग

(C) स्वास्थ्य अनुसंधान का विभाग

(D) ग्रामीण विकास विभाग

**9.** 'फ्रॉम चैरिटी टू सोशल वर्क' पुस्तक का लेखक कौन है ?

(A) मेरी रिचमॉण्ड

(B) फ्रीडलैंडर

(C) जेन एडम्स

(D) एलिजाबेथ एन. एग्न्यू

**10.** The sensing of skin through touch or pressure is

(A) Visual perception

(B) Olfactory perception

(C) Kinesthetic perception

(D) Auditory perception

**11.** 12th August is celebrated as

(A) International Day of Rural Women

(B) World Humanitarian Day

(C) World Habitat Day

(D) International Youth Day

**12.** What does a population pyramid signify ?

(A) Maternal mortality rate

(B) Fertility rate

(C) Death rate

(D) Age-sex distribution at a given time

**13.** The phrase 'Human Rights' was first used in

(A) League of Nations Covenant

(B) French Declaration of the Rights

(C) Charter of the United Nations

(D) American Declaration of Independence

**14.** The International Covenant for Economic, Social and Cultural Rights was adopted in the year

(A) 1926

(B) 1948

(C) 1956

(D) 1966

**15.** According to whom groups must accomplish the four functional tasks- i.e. integration, adaptation, pattern maintainance and goal attainment to remain in equilibrium ?

(A) Talcott Parsons

(B) Ghurye

(C) Cooley

(D) Durkheim

**16.** In Second Five Year Plan, the primary emphasis shifted to

(A) Rural Development

(B) Industrial Development

(C) Agricultural Development

(D) Urban Development

**17.** The 'Problem Solving Approach' emerged from the work of

(A) Florence Hollis

(B) Mary Richmond

(C) H.H. Perlman

(D) B. Swift

**18.** A theory of deviant behaviour which holds that deviant behaviour results when there is a lack of socially approved means to achieve a socially approved goals :

(A) Anomie theory

(B) Personality theory

(C) Differential association

(D) Containment theory

**19.** Defining the relevant variables to remove the ambiguity in measurement is called

(A) problem formulation

(B) operationalisation of variables

(C) statistical inference

(D) selection of scales

**10.** स्पर्श अथवा दबाव द्वारा त्वचा का संवेदन है

(A) चाक्षुष प्रत्यक्षण

(B) घ्राण प्रत्यक्षण

(C) गतिसंवेदन स्पर्श प्रत्यक्षण

(D) श्रवणात्मक प्रत्यक्षण

**11.** 12 अगस्त किस रूप में मनाया जाता है ?

(A) अंतर्राष्ट्रीय ग्रामीण महिला दिवस

(B) विश्व मानवतावादी दिवस

(C) विश्व आवास दिवस

(D) अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस

**12.** जनसंख्या पिरामिड क्या अभिव्यंजित करता है ?

(A) मातृ मृत्यु दर

(B) जननक्षमता दर

(C) मृत्यु दर

(D) किसी दिए गए समय पर आयु-लिंग वितरण

**13.** 'ह्यूमन राइट' वाक्यांश का प्रयोग सबसे पहले निम्नलिखित में से किसमें किया गया था ?

(A) लीग ऑफ नेशन्स कोवेनेंट

(B) फ्रेंच डिक्लेरेशन ऑफ दि राइट्स

(C) चार्टर ऑफ दि यूनाइटेड नेशंस

(D) अमेरिकन डिक्लेरेशन ऑफ इंडिपेंडेंस

**14.** इंटरनेशनल कोवेनेंट फॉर इकोनोमिक, सोशल एण्ड कल्चरल राइट्स का अंगीकरण किस वर्ष किया गया ?

(A) 1926

(B) 1948

(C) 1956

(D) 1966

**15.** निम्नलिखित में से किसके अनुसार साम्यावस्था में रहने के लिए समूहों को चार प्रकार्यात्मक कार्यों – अर्थात एकीकरण, अनुकूलन, पैटर्न अनुरक्षण तथा लक्ष्य-प्राप्ति को अनिवार्यत: पूरा करना चाहिए ?

(A) टाल्कोट पार्सन्स

(B) घूर्ये

(C) कूले

(D) दर्खाइम

**16.** द्वितीय पंचवर्षीय योजना में प्रमुख बल को बदल कर किस पर किया गया था ?

(A) ग्रामीण विकास

(B) औद्योगिक विकास

(C) कृषि विकास

(D) शहरी विकास

**17.** 'समस्या समाधान उपागम' (प्रॉब्लम सॉल्विग एप्रोच) निम्नलिखित में से किसके लिखित योगदान से प्रादुर्भूत हुआ ?

(A) फ्लोरेंस होलिस

(B) मेरी रिचमॉण्ड

(C) एच.एच. पर्लमैन

(D) बी. स्विफ्ट

**18.** विसामान्य व्यवहार का एक सिद्धान्त जो यह मानता है कि समाज-अनुमोदित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए समाज-अनुमोदित साधन के अभाव के कारण विसामान्य व्यवहार उत्पन्न होता है

(A) प्रतिमानहीनता का सिद्धान्त

(B) व्यक्तित्व सिद्धान्त

(C) विभेदक साहचर्य

(D) परिरोधन सिद्धान्त

**19.** मापन में अस्पष्टता को हटाने के लिए संगत चरों को परिभाषित करने को क्या कहते हैं ?

(A) समस्या निरूपण

(B) चरों की परिचालनीयता

(C) सांख्यिकीय निष्कर्ष

(D) स्केल्स का चयन

**20.** The curved line type relationship is referred by

(A) Linear Correlation

(B) Non-Linear Correlation

(C) Simple Correlation

(D) Multiple Correlation

**21.** Social Forestry scheme was initiated in India –

1. to increase fuel availability in rural areas
2. to prevent soil erosion
3. to compensate deforestation activities
4. to maintain the biodiversity of the nation

**Codes :**

(A) 1 and 2 are correct

(B) 3 and 4 are correct

(C) 1, 2 and 3 are correct

(D) 1, 2 and 4 are correct

**22.** In the principle of 'Right to self determination' social worker

(A) recognises the right and need of clients to freedom in making their own choices and decisions.

(B) recognises the right to privacy of the client.

(C) examines the situations of clients without bias.

(D) recognises the client's genuine concern, points of view and help in taking decision.

**23.** Emotional disorders in which an individual remains oriented to reality but suffers from chronic anxiety is

(A) Schizophrenia

(B) Depression

(C) Paranoid states

(D) Neuroses

**24.** Individualization as both goal and process of social work practice was suggested by :

(A) H.H. Perlman

(B) Florance Hollis

(C) G. Konopka

(D) Carol Mayer

**25.** Scheme for analysing group interactions called as 'Interaction process' is developed by

(A) Robert Bales

(B) Charles D. Garvin

(C) Maeda J. Galinsky

(D) Alex Gitterman

**26.** According to whom a more broadly conceived form of 'social action group', is –'action system' ?

(A) Pincus and Minahan

(B) Prigmore

(C) Weisner

(D) Garvin

**27.** The Indian Journal of Social Work was started in the year

(A) 1938

(B) 1940

(C) 1948

(D) 1952

**28.** An Achieved Status is based on

(A) Birth

(B) Caste

(C) Abilities

(D) Financial position of family

**29.** Marriage is a _____ among Hindus.

(A) contract

(B) measure to exchange property

(C) sacrament

(D) legal need

**20.** वक्र-रेखा कोटि के संबंध को किसके द्वारा संदर्भित किया जाता है ?

(A) रैखिक सहसंबंध

(B) अरैखिक सहसंबंध

(C) सरल सहसंबंध

(D) बहुविध सहसंबंध

**21.** भारत में सामाजिक वानिकी योजना को किन कार्यों के लिए आरंभ किया गया था ?

(1) ईंधन की उपलब्धता ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ाने के लिए ।

(2) भू-क्षरण को रोकने के लिए ।

(3) निर्वनीकरण संबंधी गति-विधियों की प्रतिपूर्ति के लिए ।

(4) देश के जैव-वैविध्य को अक्षुण्ण रखने के लिए ।

**कोड** :

(A) (1) तथा (2) सही हैं ।

(B) (3) तथा (4) सही हैं ।

(C) (1), (2) तथा (3) सही हैं ।

(D) (1), (2) तथा (4) सही हैं ।

**22.** 'आत्मनिर्णय के अधिकार' में सामाजिक कार्यकर्त्ता निम्नलिखित में से किसकी पहचान करता है ?

(A) सेवार्थियों के स्वयं चयन करने तथा निर्णय लेने की स्वतंत्रता का अधिकार तथा आवश्यकता की ।

(B) सेवार्थियों की निजता के अधिकार की ।

(C) बिना पक्षपात के सेवार्थियों की परिस्थितियों का परीक्षण ।

(D) सही सरोकार, दृष्टिकोण तथा निर्णय लेने में सहायता की ।

**23.** संवेगात्मक विकार जिसमें व्यक्ति सत्य के प्रति उनमुख होता है, परंतु दीर्घकालीन दुश्चिंता से ग्रसित होता है

(A) मनोवेदिलता

(B) अवसाद

(C) व्यामोहाम अवस्था

(D) तंत्रिकाताप

**24.** निम्नलिखित में से किसने समाज कार्य के लक्ष्य तथा प्रक्रिया दोनों के पृथक्करण का सुझाव दिया था ?

(A) एच.एच. पर्लमैन

(B) फ्लोरेंस होलिस

(C) जी. कोनोपका

(D) कैरोल मैयर

**25.** समूह परस्पर क्रिया की योजना, जिसे 'इंटरऐक्शन प्रोसेस' कहा जाता है, को किसके द्वारा बनाया गया है ?

(A) रॉर्बट बेल्स

(B) चार्ल्स डी. गार्विन

(C) माएदा जे. गालिंस्की

(D) एलेक्स गितरमैन

**26.** निम्नलिखित में से किसके अनुसार 'सोशल ऐक्शन ग्रुप' का एक व्यापक रूप में कल्पित स्वरूप 'ऐक्शन सिस्टम' है ?

(A) पिन्कस तथा मिनाहान

(B) प्राइग्मोर

(C) वाइज़्नर

(D) गार्विन

**27.** दि इंडियन जर्नल ऑफ सोशल वर्क का प्रकाशन किस वर्ष से प्रारंभ हुआ ?

(A) 1938

(B) 1940

(C) 1948

(D) 1952

**28.** उपार्जित प्रस्थिति किस पर आधारित होती है ?

(A) जन्म

(B) जाति

(C) योग्यताएँ

(D) परिवार की आर्थिक स्थिति

**29.** हिन्दुओं में विवाह एक _______ है ।

(A) अनुबन्ध

(B) सम्पत्ति विनिमय का उपाय

(C) संस्कार

(D) कानूनी आवश्यकता

**30.** The process of generalizing sample results to the population results is called

(A) Generalization

(B) Normal distribution

(C) Level of significance

(D) Statistical inference

**31.** ______ is/are the process of catharsis.

(A) Helping to reduce eating

(B) Ventilation of feelings

(C) Supporting for better sleep

(D) All the above

**32.** The tripartite body which was set in pre-independence period to deal with industrial relations problems in India is

(A) Indian Labour Committee

(B) Indian Labour Congress

(C) Indian Labour Conference

(D) Indian Labour Bureau

**33.** Which among the following statement is/are false ?

1. ISO 14000 is related to environmental protection.
2. Adopting principles of Natural Justice is mandatory in case of domestic enquiry.
3. 18(1) settlement is otherwise called as collective bargaining.
4. An employee died of an accident inside an industrial organisation, if found to be under the influence of alcohol, he is not eligible for compensation under Workmen's Compensation Act.

**Codes :**

(A) 3 and 4 only

(B) 4 only

(C) 2 only

(D) 2 and 4 only

**34.** Alcohol is in the category of

(A) Stimulants

(B) Hallucinogens

(C) Solvents

(D) Depressants

**35.** Which among the following Acts is correctly matched with its year of Enactment ?

(A) Juvenile Justice Act-2000

(B) National Trust Act-1987

(C) Mental Health Act-1997

(D) Factories Act-1946

**36.** Match the List I with II and choose the correct answers from the codes given below :

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| (I) | National Environment Policy | (1) | 1986 |
| (II) | Environment Protection Act | (2) | 2005 |
| (III) | Sarva Shiksha Abhiyan | (3) | 2006 |
| (IV) | National Rural Health Mission | (4) | 2001 |

**Codes :**

| | (I) | (II) | (III) | (IV) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (4) | (2) | (1) | (3) |
| (B) | (2) | (3) | (4) | (1) |
| (C) | (3) | (1) | (4) | (2) |
| (D) | (4) | (1) | (3) | (2) |

**30.** प्रतिदर्श परिणामों को जनसंख्या परिणामों के साथ सामान्यीकृत करने की प्रक्रिया को कहते हैं

(A) सामान्यीकरण

(B) सामान्य वितरण

(C) महत्ता का स्तर

(D) सांख्यिकीय निष्कर्ष

**31.** ________ भाव-विरेचन की प्रक्रिया/प्रक्रियाएँ है/हैं ।

(A) भोजन में कमी करने में सहायता करना

(B) भावनाओं का संवातन

(C) अच्छी नींद आने में समर्थन देना

(D) उपर्युक्त सभी

**32.** भारत में पराधीनता के काल में औद्योगिक संबंधों से जुड़ी समस्याओं पर विचार करने के लिए गठित त्रिपक्षीय निकाय है :

(A) इंडियन लेबर कमिटी

(B) इंडियन लेबर कांग्रेस

(C) इंडियन लेबर कॉफ्रेंस

(D) इंडियन लेबर ब्यूरो

**33.** निम्नलिखित वक्तव्यों में से कौन सा/से गलत है / हैं ?

(1) ISO 14000 पर्यावरणीय सुरक्षा से संबंधित है ।

(2) आन्तरिक जाँच के मामले में प्राकृतिक न्याय के सिद्धान्तों को अपनाना ।

(3) 18(1) निपटारा को अन्यथा सामूहिक सौदेबाजी कहा जाता है ।

(4) किसी औद्योगिक संगठन की परिसीमा के अंदर एक कर्मचारी की दुर्घटना में मृत्यु हो जाती है । यदि कर्मचारी एल्कॉहल के प्रभाव में था तो, कर्मकार को प्रतिकार अधिनियम के अंतर्गत प्रतिपूर्ति की पात्रता नहीं है ।

**कोड** :

(A) केवल (3) और (4)

(B) केवल (4)

(C) केवल (2)

(D) केवल (2) और (4)

**34.** ऐल्कोहॉल को निम्नलिखित में से किस श्रेणी में रखा जाता है ?

(A) उत्तेजक

(B) विभ्रान्तिकारक

(C) विलायक

(D) अवसादक

**35.** निम्नलिखित में से कौन सा अधिनियम उसके सामने दिए गए वर्ष के साथ सुमेलित है ?

(A) किशोर न्याय अधिनियम – 2000

(B) राष्ट्रीय न्यास अधिनियम – 1987

(C) मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम – 1997

(D) कारखाना अधिनियम – 1946

**36.** सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कोड से सही उत्तर चुनिए :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| (I) | राष्ट्रीय पर्यावरण नीति | (1) | 1986 |
| (II) | पर्यावरण संरक्षण अधिनियम | (2) | 2005 |
| (III) | सर्व शिक्षा अभियान | (3) | 2006 |
| (IV) | राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन | (4) | 2001 |

**कोड** :

| | (I) | (II) | (III) | (IV) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (4) | (2) | (1) | (3) |
| (B) | (2) | (3) | (4) | (1) |
| (C) | (3) | (1) | (4) | (2) |
| (D) | (4) | (1) | (3) | (2) |

**37.** Match the List I with II and choose the correct answers from the codes given below :

| | List – I | | List – II |
|---|---|---|---|
| (I) | Quota sampling | (1) | Probability sampling |
| (II) | Causal research | (2) | Non-probability sampling |
| (III) | Cluster sampling | (3) | Conclusive research |
| (IV) | Qualitative research | (4) | Unstructured |

**Codes :**

| | (I) | (II) | (III) | (IV) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (4) | (2) | (1) | (3) |
| (B) | (2) | (3) | (1) | (4) |
| (C) | (3) | (2) | (4) | (1) |
| (D) | (4) | (1) | (3) | (2) |

**38.** Match the following items given in List-I with the items given in List-II :

| | List – I | | List – II |
|---|---|---|---|
| (I) | Prohibition of discrimination | (1) | Article 14 |
| (II) | Equality before law | (2) | Article 16 |
| (III) | Abolition of untouchability | (3) | Article 17 |
| (IV) | Equality of opportunity | (4) | Article 15 |

**Codes :**

| | (I) | (II) | (III) | (IV) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (4) | (3) | (2) | (1) |
| (B) | (4) | (1) | (3) | (2) |
| (C) | (2) | (3) | (4) | (1) |
| (D) | (2) | (1) | (4) | (3) |

**39.** **Assertion (A) :** Self decision making is an important aspect in growth and development of the client.

**Reason (R) :** Case workers are not involved in making use of community resources.

Choose your answer from codes given below :

(A) Both (A) and (R) are correct, and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are not correct.
(C) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).
(D) (A) is correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

**40.** **Assertion (A) :** Intelligence is an ability to learn.

**Reason (R) :** The ability to deal with abstraction is intelligence.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are correct.
(B) Both (A) and (R) are not correct.
(C) (A) is correct, but (R) is not correct.
(D) (A) is not correct, but (R) is correct.

**41.** **Assertion (A) :** A census is the procedure of systematically acquiring and recording information about the members of a given population.

**Reason (R) :** It is regularly occurring and official count of a particular population.

**Codes :**

(A) (A) is correct and (R) is wrong.
(B) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A)
(C) Both (A) and (R) are wrong.
(D) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not correct explanation of (A).

**37.** सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कोड से सही उत्तर चुनिए :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| (a) | कोटा प्रतिचयन | (i) | प्रायिकता नमूना चयन |
| (b) | सांयोगिक शोध | (ii) | अप्रायिकता नमूना चयन |
| (c) | समूह प्रतिचयन | (iii) | निर्णयात्मक शोध |
| (d) | गुणात्मक शोध | (iv) | असंरचित |

**कोड** :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (B) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (C) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (D) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |

**38.** सूची-I तथा सूची-II में दी गई मदों को सुमेलित कीजिए :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| (a) | भेदभाव निषेध | (1) | अनुच्छेद 14 |
| (b) | कानून के समक्ष समानता | (2) | अनुच्छेद 16 |
| (c) | अस्पृश्यता उन्मूलन | (3) | अनुच्छेद 17 |
| (d) | अवसर की समानता | (4) | अनुच्छेद 15 |

**कोड** :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (4) | (3) | (2) | (1) |
| (B) | (4) | (1) | (3) | (2) |
| (C) | (2) | (3) | (4) | (1) |
| (D) | (2) | (1) | (4) | (3) |

**39.** **अभिकथन** (A) : सेवार्थी की बेहतरी में स्व-निर्णयन एक महत्त्वपूर्ण पहलू है ।

**कारण** (R) : सामाजिक वैयक्तिक कार्यकर्त्ता सामुदायिक संसाधनों के उपयोग में लिप्त नहीं होते ।

नीचे दिए गए कोड से अपना उत्तर चुनिए :

(A) (A) तथा (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) तथा (R) दोनों ही सही नहीं हैं ।

(C) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(D) (A) सही है, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

**40.** **अभिकथन** (A) : बुद्धि, सीखने की योग्यता है ।

**कारण** (R) : बुद्धि, अमूर्तकरण से व्यवहार करने की योग्यता है ।

**कोड** :

(A) (A) तथा (R) दोनों सही हैं ।

(B) (A) तथा (R) दोनों सही नहीं हैं ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) सही नहीं है ।

(D) (A) सही नहीं है, परन्तु (R) सही है ।

**41.** **अभिकथन** (A) : जनगणना, किसी दी गई जनसंख्या के बारे में व्यवस्थित रूप में सूचना प्राप्त करने तथा रिकॉर्ड करने की प्रक्रिया है ।

**कारण** (R) : जनगणना एक नियमित प्रक्रिया और सरकारी गणना है ।

**कोड** :

(A) (A) सही है और (R) गलत है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(C) (A) तथा (R) दोनों गलत हैं ।

(D) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

**42.** **Assertion (A) :** All the problems in case work practice are not treated alike.

**Reason (R) :** The impact of a problem is same for all individuals.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are correct.

(B) Both (A) and (R) are not correct.

(C) (A) is correct and (R) is the correct explanation of (A).

(D) (A) is correct and (R) is not the correct explanation of (A).

**43.** Find the sequence of the Enactment of the following Acts :

1. Trade Unions Act
2. Payment of Wages Act
3. Factories Act
4. Employees Provident Fund Act

**Codes :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (C) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (D) | 2 | 4 | 3 | 1 |

**44.** Which among the following is in correct sequence ?

(A) Study, intake, treatment, diagnosis, termination, follow up

(B) Intake, study, diagnosis, treatment, termination, follow up

(C) Diagnosis, intake, treatment, study, termination, follow up

(D) Treatment, intake, diagnosis, study, termination, follow up

**45.** Arrange the following Non-Govt. Experiments in order in which they appeared. Use the code given below :

(i) Firka

(ii) Marthandam

(iii) Sevagram

(iv) Gurgaon

**Codes :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (B) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (C) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (D) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

Read the passage given below and answer the following questions as per the understanding of the passage. (Q. No. **46** to **50**)

Social work is a practical profession aimed at helping people address their problems and matching them with the resources they need to lead healthy and productive lives. Beneath this practicality lies a strong value system that can be summarized in two words : social justice. Social justice is the view that everyone deserves equal economic, political and social rights and opportunities. Social workers aim to open the doors of access and opportunity for everyone, particularly those in greatest need.

A brief glance at the many roles of social workers shows how this value system underscores everything they do. With homeless clients, for example, social workers make sure their clients have access to food stamps and health care. The same is true for elderly clients : Social workers may work to protect them from financial abuse or to ensure that they are receiving the health and financial benefits that are rightfully theirs.

Social workers also apply social-justice principles to structural problems in the social service agencies in which they work. Armed with the long-term goal of empowering their clients, they use knowledge of existing legal principles and organizational structure to suggest changes to protect their clients, who are often powerless and underserved. For example, social workers may learn organizational ethics to ensure that clients are treated respectfully by staff or they may examine the organization's policies on personal client information to make sure it is held in confidence.

**42.** **अभिकथन (A)** : सामाजिक वैयक्तिक कार्य में सभी समस्याओं पर समान रूप से विचार नहीं किया जाता ।

**कारण (R)** : एक समस्या का सभी व्यक्तियों पर समान प्रभाव होता है ।

**कोड** :

(A) (A) तथा (R) दोनों सही हैं ।

(B) (A) तथा (R) दोनों सही नहीं हैं ।

(C) (A) सही है तथा (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(D) (A) सही है तथा (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

**43.** निम्नलिखित अधिनियमों को अधिनियमन के क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

(1) व्यवसाय संघ अधिनियम

(2) मजदूरी संदाय अधिनियम

(3) कारखाना अधिनियम

(4) कर्मचारी भविष्यनिधि अधिनियम

**कोड** :

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (1) | (2) | (3) | (4) |
| (B) | (1) | (3) | (2) | (4) |
| (C) | (2) | (3) | (1) | (4) |
| (D) | (2) | (4) | (3) | (1) |

**44.** निम्नलिखित में से कौन सा क्रम सही है ?

(A) अध्ययन, अंतर्गहण, उपचार, निदान, समापन, अनुवर्तन ।

(B) अंतर्गहण, अध्ययन, निदान, उपचार, समापन, अनुवर्तन ।

(C) निदान, अंतर्गहण, उपचार, अध्ययन, समापन, अनुवर्तन ।

(D) उपचार, अंतर्गहण, निदान, अध्ययन, समापन, अनुवर्तन ।

**45.** निम्नलिखित गैर-सरकारी प्रयोगों को उनके आरम्भ किए जाने के क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

(i) फिरका (ii) मार्तण्डम

(iii) सेवाग्राम (iv) गुड़गाँव

**कोड** :

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (B) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (C) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (D) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

नीचे गिए गए गद्यांश को पढ़िए तथा इस गद्यांश की अपनी समझ के अनुसार इसके बाद दिए गए प्रश्नों (प्रश्न सं. **46** से **50**) के उत्तर दीजिए :

समाज कार्य एक व्यावहारिक व्यवसाय है जिसका लक्ष्य अपनी समस्याओं का सामना करने में लोगों की सहायता करना है और उनके द्वारा स्वस्थ एवं फलप्रद जीवन व्यतीत करने के लिए आवश्यक संसाधनों और समस्याओं के बीच बिठाना है । इस व्यावहारिकता के तल में एक सशक्त मूल्य-प्रणाली है जिसे दो शब्दों में सारांशित किया जा सकता है : सामाजिक न्याय । सामाजिक न्याय एक दृष्टि है जिसमें सभी के लिए समान आर्थिक, राजनीतिक एवं सामाजिक अधिकारों एवं अवसरों का भाव विद्यमान है । सामाजिक कार्यकर्त्ताओं का लक्ष्य सभी लोगों, विशेष रूप से अत्यधिक जरूरतमंद लोगों के लिए पहुँच तथा अवसर के द्वारा खोलना है ।

सामाजिक कार्यकर्त्ताओं की अनेक भूमिकाओं पर संक्षिप्त दृष्टि डालने पर यह पता लगता है कि किस प्रकार यह मूल्य प्रणाली उनके द्वारा किए गए समस्त कार्यों को रेखांकित करता है । उदाहरण स्वरूप गृह विहीन सेवार्थियों के मामलों में सामाजिक कार्यकर्त्ता यह सुनिश्चित करते हैं कि उनके सेवार्थियों को फूड स्टेंप्स तथा स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध हैं । वयोवृद्ध सेवार्थियों के मामले में भी यही सही है : सामाजिक कार्यकर्त्ता उन्हें उनके वित्त का दूसरों द्वारा दुरूपयोग से बचाते हैं या यह सुनिश्चित करते हैं कि उन्हें वे सारे स्वास्थ्यता तथा आर्थिक लाभ मिलते हैं जिनके वे हकदार हैं ।

सामाजिक कार्यकर्त्ता जिन सेवा एजेंसियों में कार्यरत हैं उनमें भी संरचनात्मक समस्याओं में वे सामाजिक न्याय के सिद्धान्तों का अनुप्रयोग करते हैं । अपने सेवार्थियों के सशक्तिकरण के अपने दीर्घकालिक लक्ष्य से लैस होकर वे अपने सेवार्थियों जो बहुधा अशक्त तथा अनधिकारी होते हैं – के हितों की रक्षा हेतु बदलाव लाने का सुझाव देने के लिए वे वर्तमान वैधानिक सिद्धान्तों तथा संगठनात्मक संरचना के ज्ञान का उपयोग करते हैं । उदाहरण स्वरूप, कर्मचारियों द्वारा सेवार्थियों के प्रति सम्मानजनक व्यवहार को सुनिश्चित करने के लिए सामाजिक कार्यकर्त्ता संगठनात्मक आचारशास्त्र सीख सकते हैं अथवा वे व्यक्तिगत सेवार्थी से सूचना प्राप्त करने से संबंधित संगठन की नीतियों का परीक्षण यह सुनिश्चित करने के लिए कर सकते हैं कि भरोसे को कायम रखा जाय ।

Often, social workers bring social justice concepts into the wider social and political arena. Social workers condemn terrorism but calling for examination of possible underlying causes. In particular, social workers suggested that terrorism may be fuelled in part by global practices that led to poverty and rage among millions of people of the world.

Indeed, from the beginning of their profession, social workers have been involved in "connecting the dots" between peace and social justice. According to social work philosophy… Peace is not possible where there are gross inequalities of money and power, whether between workers and managers, nations and nations or men and women.

**46.** What is the value system underlying the social work as a practical profession ?

(A) Social work is a problem solving process.

(B) Social work practice has strong value system permeated by social justice.

(C) To provide welfare services

(D) All the above

**47.** What is the relationship between social work and social justice ?

(A) Social work through the value of social justice enhances access and opportunity to every one.

(B) Social justice has no commonality with social work

(C) Social Justice is promoted by Courts.

(D) All the above

**48.** How social workers apply principles of social justice ?

(A) Social Workers rarely apply social justice principles

(B) Social workers have their own principles

(C) Social workers apply principles of social justice to address structural problems in the organisations in which they work.

(D) None of the above

**49.** How social workers apply social justice approach while dealing with problems of terrorism ?

(A) Social workers have nothing to do with terrorism.

(B) Social workers do not condemn terrorism.

(C) Social workers suggested terrorism to fuel poverty.

(D) Social workers are more committed for examination of possible underlying causes of terrorism.

**50.** How social workers interpret the relationship between peace and social justice ?

(A) Social justice and peace are two different concepts.

(B) Peace is not possible where there are gross inequalities of money and power.

(C) Social workers are not peace workers.

(D) None of the above

सामाजिक कार्यकर्त्ता बहुधा सामाजिक न्याय से संबंधित संकल्पनाओं को व्यापक सामाजिक एवं राजनीतिक रंगमंच पर ले आते हैं । सामाजिक कार्यकर्त्ता आतंकवाद की निंदा करते हैं, परन्तु इसके पीछे दिये संभावित कारणों की जाँच करने के लिए आवाज भी उठाते हैं । विशेष रूप से सामाजिक कार्यकर्त्ताओं ने सुझाव दिया कि दुनिया के करोड़ों लोगों में गरीबी तथा क्रोधातिरेक को जन्म देने वाले विश्वव्यापी व्यवहारों ने आतंकवाद को आंशिक रूप से सुलगाने का काम किया होगा ।

वस्तुत: अपने व्यवसाय के प्रारंभ काल से ही सामाजिक कार्यकर्त्ता शांति तथा सामाजिक न्याय के बीच बिन्दु संयोजन के काम में संलग्न रहे हैं । समाज कार्य दर्शन के अनुसार ….. जहाँ धन और शक्ति में घोर असमानता हो – चाहे वह कर्मकारों तथा प्रबंधकों के बीच हो, राष्ट्रों तथा राष्ट्रों के बीच हो, या पुरुषों और महिलाओं के बीच हो – शांति संभव नहीं ।

**46.** एक व्यावहारिक व्यवसाय के रूप में समाज कार्य के तल में कौन सी मूल्य प्रणाली है ?

(A) समाज कार्य एक समस्या – समाधान करने की प्रक्रिया है ।

(B) समाज कार्य व्यवहार में सामाजिक न्याय द्वारा व्याप्त एक सशक्त मूल्य प्रणाली है ।

(C) कल्याण सेवाएँ उपलब्ध करना ।

(D) उपर्युक्त सभी ।

**47.** समाज कार्य तथा सामाजिक न्याय के बीच कौन सा संबंध है ?

(A) सामाजिक न्याय के मूल्य के माध्यम से समाज कार्य सभी के लिए पहुँच तथा अवसर बढ़ाता है ।

(B) सामाजिक न्याय तथा समाज कार्य में उभयनिष्ठता नहीं है ।

(C) सामाजिक न्याय को न्यायालयों द्वारा बढ़ाया जाता है ।

(D) उपर्युक्त सभी ।

**48.** सामाजिक कार्यकर्त्ता, सामाजिक न्याय के सिद्धान्तों का अनुप्रयोग किस प्रकार करते हैं ?

(A) सामाजिक कार्यकर्त्ता सामाजिक न्याय के सिद्धान्तों का अनुप्रयोग विरले ही करते हैं ।

(B) सामाजिक कार्यकर्त्ताओं के स्वयं अपने सिद्धान्त होते हैं ।

(C) सामाजिक कार्यकर्त्ता सामाजिक न्याय के सिद्धान्तों का अनुप्रयोग – जिस संगठन में वे कार्यरत हैं उसमें संरचनात्मक समस्याओं को संबोधित करने के लिए करते हैं ।

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं ।

**49.** आतंकवाद की समस्याओं से व्यवहार करते समय सामाजिक कार्यकर्त्ता सामाजिक न्याय उपागम का अनुप्रयोग किस प्रकार करते हैं ?

(A) सामाजिक कार्यकर्त्ताओं का आतंकवाद से कुछ लेना-देना नहीं है ।

(B) सामाजिक कार्यकर्त्ता आतंकवाद की निंदा नहीं करते ।

(C) सामाजिक कार्यकर्त्ताओं के विचार से आतंकवाद ने गरीबी को सुलगाने का काम किया ।

(D) सामाजिक कार्यकर्त्ता आतंकवाद में अंतर्निहित सम्भावित कारणों की जाँच करने के लिए प्रतिबद्ध है ।

**50.** शांति तथा सामाजिक न्याय के बीच के सम्बन्ध की व्याख्या सामाजिक कार्यकर्त्ता किस प्रकार करते हैं ?

(A) सामाजिक न्याय तथा शांति दो भिन्न-भिन्न संकल्पनाएँ हैं ।

(B) जहाँ धन तथा शक्ति में घोर असमानता हो वहाँ शांति संभव नहीं ।

(C) सामाजिक कार्यकर्त्ता शांति कार्यकर्त्ता नहीं है ।

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं ।

UGC - NET EXAM DECEMBER 2013
KEYS - PAPER 2

**Subject** (10 ) SOCIAL WORK

| Qno | Answer |
|---|---|
| **1** | D |
| **2** | A |
| **3** | D |
| **4** | A |
| **5** | D |
| **6** | D |
| **7** | D |
| **8** | B |
| **9** | A |
| **10** | C |
| **11** | D |
| **12** | D |
| **13** | C |
| **14** | B |
| **15** | A |
| **16** | B |
| **17** | C |
| **18** | A |
| **19** | B |
| **20** | B |
| **21** | A |
| **22** | A |
| **23** | D |
| **24** | D |
| **25** | A |
| **26** | A |
| **27** | B |
| **28** | C |
| **29** | C |
| **30** | D |
| **31** | B |
| **32** | C |
| **33** | B |
| **34** | D |
| **35** | A |
| **36** | C |
| **37** | B |
| **38** | B |
| **39** | D |
| **40** | A |
| **41** | B |
| **42** | B |
| **43** | A |
| **44** | B |
| **45** | B |
| **46** | B |
| **47** | A |
| **48** | C |
| **49** | D |
| **50** | B |